Title: Need to lay rail line between Nirmali and Bhaptiyahi in Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (सहरसा) : सभापति महोदय, बिहार राज्य अन्तर्गत उत्तर-पूर्व रेलवे के निर्मली से भपटियाही तक चलने वाली रेल लाइन 1944 में कोशी के बाढ़ में ध्वस्त हो गयी। इस रेल लाइन का निर्माण अंग्रेजी हुकूमत में हुआ था। उक्त रेल लाइन के ध्वस्त होने से निर्मली क्षेत्र के लोगों को अपने जिला मुख्यालय सुपौल आने में 6 जिला घूमते हुए कम से कम 300 किलोमीटर की दूरी का सफर तय करना पड़ता है। 1997 में सरकार ने उक्त रेल लाइन के निर्माण के लिए स र्वेक्षण कराकर कोशी नदी पर बनने वाले पुल के गहन सर्वेक्षण के लिए दो करोड़ रुपया आवंटित किया था जिसका उपयोग आज तक नहीं हो सका है।

आग्रह है कि सरकार निर्मली से भपटियाही 40 किलोमीटर रेल लाइन का पुनः निर्माण कराकर वहां के लोगों को राहत दिलाए।